# जब सिनेमा ने बोलना सीखा

Question 1.
पहली बोलती फिल्म के निर्माता कौन थे ?
(a) मधुर भण्डारकर
(b) बी. आर. चोपड़ा
(c) इस्मत चुगताई
(d) अर्देशिर एम. ईरानी

▼ Answer

Answer: (d) अर्देशिर एम. ईरानी।

---

Question 2.
इनमें से कौन-सा कलाकार 'आलम आरा' में नहीं था ?
(a) सोहराब मोदी
(b) पृथ्वीराज कपूर
(c) जगदीश सेठी
(d) के. एल. सहगल

▼ Answer

Answer: (d) के. एल. सहगल।

---

Question 3.
'माधुरी' फिल्म की नायिका कौन थी ?
(a) जुबैदा
(b) सुलोचना
(c) सुरैया
(d) मधुबाला

▼ Answer

Answer: (b) सुलोचना।

---

Question 4.
'आलम आरा' फिल्म को लम्बाई कितनी थी ?
(a) पाँच हजार फुट
(b) दस हजार फुट
(c) पन्द्रह हजार फुट
(d) बीस हजार फुट

▼ Answer

Answer: (b) दस हजार फुट

---

Question 5.
'आलम आरा' फिल्म मुम्बई के किस सिनेमा हाल में प्रदर्शित हुई ?
(a) मैजेस्टिक
(b) कुमार
(c) लिबर्टी
(d) अरविन्द

▼ Answer

Answer: (a) मैजेस्टिक

---

Question 6.
देश की पहली सवाक् (बोलती) फिल्म कौन-सी थी ?
(a) आलम आरा
(b) देवदास
(c) आग
(d) मदर इंडिया

▼ Answer

Answer: (a) आलम आरा।

---

Question 7.
पहली बोलती फिल्म का प्रदर्शन कब हुआ ?
(a) 14 मई, सन् 1947 को
(b) 14 मई, सन् 1931 को
(c) 14 जनवरी, सन् 1930 को
(d) 14 मार्च, सन् 1931 को

▼ Answer

Answer: (d) 14 मार्च, सन् 1931 को

---

Question 8.
'जब सिनेमा ने बोलना सीखा' लेख किसने लिखा है ?
(a) सुभास गाताड़े
(b) प्रदीप तिवारी
(c) अरविंद कुमार सिंह
(d) रामदरश मिश्र

▼ Answer

Answer: (b) प्रदीप तिवारी।

---

Question 9.
'आलम आरा' फिल्म में पार्श्व गायक कौन थे ?
(a) कुंदन लाल सहगल
(b) डब्लू. एम. खान

(c) कमल बारोट
(d) सुरेन्द्र

▼ Answer

Answer: (b) डब्लू. एम. खान।

---

Question 10.
'आलम आरा' फिल्म के नायक और नायिका कौन थे ?
(a) नायक के. एल. सहगल और नायिका सुरैया
(b) नायक सुरेन्द्र, नायिका मधु
(c) नायक विट्ठल, नायिका जुबैदा
(d) के. एल. सहगल

▼ Answer

Answer: (c) नायक विट्ठल, नायिका जुबैदा

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

पहली बोलती फिल्म आलम आरा बनाने वाले फिल्मकार थे अर्देशिर एम. ईरानी। अर्देशिर ने *1929* में हॉलीवुड की एक बोलती फिल्म 'शो बोट' देखी और उनके मन में बोलती फिल्म बनाने की इच्छा जगी। पारसी रंगमंच के एक लोकप्रिय नाटक को आधार बनाकर उन्होंने अपनी फिल्म की पटकथा बनाई। इस नाटक के कई गाने ज्यों के त्यों फिल्म में ले लिए गए। एक इंटरव्यू में अर्देशिर ने उस वक्त कहा था-'हमारे पास कोई संवाद लेखक नहीं था, गीतकार नहीं था, संगीतकार नहीं था।' इन सबकी शुरुआत होनी थी। अर्देशिर ने फिल्म के गानों के लिए स्वयं की धुनें चुनीं। फिल्म के संगीत में महज तीन वाद्य-तबला, हारमोनियम और वायलिन का इस्तेमाल किया गया। आलम आरा में संगीतकार या गीतकार में स्वतंत्र रूप से किसी का नाम नहीं डाला गया। इस फिल्म में पहले पार्श्वगायक बने डब्लू. एम. खान पहला गाना था-'दे दे खुदा के नाम पर प्यारे, अगर देने की ताकत है।'

Question 1.
पहली बोलती फिल्म बनाने वाले फिल्मकार कौन थे ?
(a) पृथ्वीराज कपूर
(b) महबूब खान
(c) बासु भट्टाचार्य
(d) अर्देशिर एम. ईरानी'

▼ Answer

Answer: (d) अर्देशिर एम. ईरानी।

---

Question 2.
पहली बोलती फिल्म का नाम क्या था ?
(a) बरसात की रात
(b) पहली सवाक् फिल्म थी 'आलम आरा'
(c) मुग़ले-आज़म
(d) सन ऑफ़ इण्डिया

▼ Answer

Answer: (b) पहली सवाक् फिल्म थी 'आलम आरा'

---

Question 3.
इस फ़िल्म के लिए किसकी धुनें चुनी गई ?
(a) गुलाम अली
(b) नौशाद
(c) अर्देशिर ने अपनी ही धुनें चुनी
(d) कल्याण जी आनन्द जी

▼ Answer

Answer: (c) अर्देशिर ने अपनी ही धुनें चुनीं।

---

Question 4.
इस फिल्म में संगीत के लिए कौन-कौन से वाद्ययंत्र प्रयुक्त किए गए ?
(a) तबला, हारमोनियम और वायलिन
(b) सारंगी, सन्तूर और ढोलक
(c) शहनाई, वीणा और तबला
(d) मृदंगम, नक्कारा और बाँसुरी

▼ Answer

Answer: (a) तबला, हारमोनियम और वायलिन।

---

Question 5.
पहले पार्श्वगायक कौन थे ?
(a) पंकज मलिक
(b) कुन्दन लाल सहगल
(c) सी. एच. आत्मा
(d) डब्लू. एम. खान

▼ Answer

Answer: (d) डब्ल. एम. खान।

---

(2)

यह फिल्म *14* मार्च, *1931* को मुंबई के 'मैजेस्टिक' सिनेमा में प्रदर्शित हुई। फिल्म *8* सप्ताह तक 'हाउसफुल' चली और भीड़ इतनी उमड़ती थी कि पुलिस के लिए नियंत्रण करना मुश्किल हो जाया करता था। समीक्षकों ने इसे 'भड़कीली फैंटेसी' फिल्म करार दिया था मगर दर्शकों के लिए यह फिल्म एक अनोखा अनुभव थी। यह फिल्म *10* हजार फुट लंबी थी और इसे चार महीनों की कड़ी मेहनत से तैयार किया गया था।

Question 1.
'आलम आरा' फिल्म किस सिनेमा हॉल में प्रदर्शित की गई ?
(a) जुबली
(b) लक्ष्मी

(c) 'आलम आरा' फ़िल्म 'मैजेस्टिक' सिनेमा हॉल में प्रदर्शित हुई
(d) वीनस

▼ Answer

Answer: (c) 'आलम आरा' फिल्म 'मैजेस्टिक' सिनेमा हॉल में प्रदर्शित हुई।

---

Question 2.
यह फिल्म कितने सप्ताह तक 'हाउसफुल' चली ?
(a) 8 सप्ताह तक
(b) 5 सप्ताह तक
(c) 7 सप्ताह तक
(d) 4 सप्ताह तक

▼ Answer

Answer: (a) 8 सप्ताह तक।

---

Question 3.
'हाउसफुल' होने से क्या समस्या आई ?
(a) झगड़ा हो गया था
(b) फ़िल्म कई बार दिखानी पड़ी
(c) टिकट बेचना मुश्किल हो गया था
(d) पुलिस के लिए भीड़ को नियंत्रण करना कठिन था

▼ Answer

Answer: (d) पुलिस के लिए भीड़ को नियंत्रण करना कठिन था।

---

Question 4.
'आलम आरा' फिल्म की लम्बाई कितनी थी ?
(a) 1 हजार फुट लंबी
(b) 10 हजार फुट लंबी
(c) 12 हजार फुट लंबी
(d) 11 हजार फुट लंबी

▼ Answer

Answer: (b) 10 हजार फुट लंबी।

---

Question 5.
समीक्षकों ने 'आलम आरा' को कैसी फिल्म बताया ?
(a) इस फ़िल्म को बेकार करार दिया
(b) इस फ़िल्म को भड़कीली 'फैन्टेसी 'करार दिया
(c) इस फिल्म को मनोरंजक करार दिया
(d) इस फिल्म को ऊबाऊ करार दिया

▼ Answer

Answer: (b) इस फिल्म को भड़कीली फैन्टेसी करार दिया।

---

(3)

जब पहली बार सिनेमा ने बोलना सीख लिया, सिनेमा में काम करने के लिए पढ़े-लिखे अभिनेता-अभिनेत्रियों की जरूरत भी शुरू हुई क्योंकि अब संवाद भी बोलने थे, सिर्फ अभिनय से काम नहीं चलने वाला था। मूक फिल्मों के दौर में तो पहलवान जैसे शरीर वाले, स्टंट करने वाले और उछल – कूद करनेवाले अभिनेताओं से काम चल जाया करता था। अब उन्हें संवाद बोलना था और गायन की प्रतिभा की कद्र भी होने लगी थी। इसलिए 'आलम आरा' के बाद आरंभिक 'सवाक्' दौर की फिल्मों में कई 'गायक-अभिनेता' बड़े पर्दे पर नजर आने लगे। हिंदी-उर्दू भाषाओं का महत्त्व बढ़ा। सिनेमा में देह और तकनीक की भाषा की जगह जन-प्रचलित बोलचाल की भाषाओं का दाखिला हुआ। सिनेमा ज्यादा देसी हुआ। एक तरह की नयी आजादी थी जिससे आगे चलकर हमारे दैनिक और सार्वजनिक जीवन का प्रतिबिंब फिल्मों में बेहतर होकर उभरने लगा।

Question 1.
'अब सिनेमा में किस प्रकार के अभिनेता अभिनेत्रियों की जरूरत शुरू हुई ?
(a) सभी प्रकार के
(b) गीत गाने वाले
(c) पढ़े-लिखे अभिनेता-अभिनेत्रियों की जरूरत शुरू
(d) जो देखने में बहुत सुन्दर हों

▼ Answer

Answer: (c) पढ़े-लिखे अभिनेता-अभिनेत्रियों की जरूरत शुरू
अब सिनेमा में पढ़े-लिखे अभिनेता-अभिनेत्रियों की जरूरत शुरू हुई।

---

Question 2.
मूक फिल्मों के दौर में कैसे कलाकारों से काम चल जाता था ?
(a) सभी प्रकार के कलाकार
(b) केवल अच्छे संवाद बोलने वाले
(c) अच्छा अभिनय करने वाले
(d) पहलवान जैसे शरीर वाले, स्टंट करने वाले और उछल-कूद करने वाले

▼ Answer

Answer: (d) पहलवान जैसे शरीर वाले, स्टंट करने वाले और उछल-कूद करने वाले।

---

Question 3.
अब किस कार्य की अनिवार्यता बढ़ गई थी ?
(a) अब संवाद बोलना था और गायन भी करना था
(b) स्टंट करना था
(c) केवल गाना था
(d) उछल-कूद करना था

▼ Answer

Answer: (a) अब संवाद बोलना था और गायन भी करना था।

---

Question 4.
फिल्मों में किस प्रकार की भाषा का महत्त्व बढ़ा ?
(a) खड़ी बोली का
(b) जन-प्रचलित उर्दू-हिन्दी भाषाओं का महत्त्व बढ़ा
(c) उर्दू का
(d) साहित्यिक हिन्दी का

▼ Answer

Answer: (b) जन-प्रचलित उर्दू-हिन्दी भाषाओं का महत्त्व बढ़ा।

---

Question 5.
फ़िल्मों में कौन-सी बात उभरने लगी ?
(a) इतिहास की बात
(b) मनोरंजन की बात
(c) शिक्षा की बात
(d) हमारे दैनिक और सार्वजनिक जीवन का प्रतिबिम्ब

▼ Answer

Answer: (d) हमारे दैनिक और सार्वजनिक जीवन का प्रतिबिम्ब।

---